# जय श्री माताजी

परम पूज्य श्री माताजी की असीम कृपा से दिनांक 23.02.2025 परमचैतन्य दिवस से 21.03.2025 श्री माताजी के जन्म दिवस के दौरान ''चलो गांव की ओर'' अभियान का शुभारम्भ 23.02.2025 को किया जा रहा है। जिसमें सम्पूर्ण भारत वर्ष के ग्रामीण क्षेत्रों में आत्मसाक्षात्कार जन जागृति एवं सहज कृषि प्रचार–प्रसार हेतु कार्य किया जा रहा है। अभियान सफलता व आवश्यकता के अनुसार इस अभियान को हम सब के सहयोग से श्रीमाताजी के जन्म दिवस 21.03.2026 तक किया जाना है।

राजस्थान में 44672 लगभग 45000 गांव है मॉ का सपना साकार करने के लिए माँ ने 40 प्रतिशत सहयोगी बनाने का लक्ष्य रखा इस पुनीत कार्य में सभी जिला ग्रामीण टीम अपने अधीन क्षेत्र में प्रतिदिन 4–5 का भ्रमण कर आत्मसाक्षात्कार एवं सहज कृषि  पशुपालन, बागवानी  की जानकारी देकर कृषकों की आर्थिक स्थिति में सुधार ला सकते है, गांवो मे कार्यक्रम प्रायः 1 घंटे का किया जायेगा। अगर 2–3 सहज योगी की टीम सप्ताह में 2 दिन (महीना 8–10 दिन) 4–5 गांवो में भ्रमण स्वंय के वाहन से 50–100 किलोमीटर का भ्रमण करे ताकि मॉ के सपने को साकार करने का माध्यम बनेगें। जब आप मॉ का कार्य करेगे तो मॉ भी कार्य कर देगी। एक कदम आगे बढे स्वतः श्रीमाता जी रास्ता बना देगी। हमेशा ध्यान रखे हमे मॉ को खुश करना है, सहज के कार्य मिलजूल कर करने से मॉ खुश होती है। अतः गांवो में सहज योग व सहज कृषि कार्य करने का जूनून शुद्वइच्छा अपने हदय में जागृत करे, अपनी जिम्मेदारी निभाये और मॉ के सपने को साकार करने में भागीदारी निभाये।

जिला ग्रामीण कोर्डीनेटर/ग्रामीण कोर्डीनेटर को प्रचार–प्रसार सामग्री में सहज योग स्टैडी, सहज योग, सहज कृषि, पुस्तिका, फोल्डर, पेन्फ्लेटस , फ्लैक्सी (6नग) एवं पोस्टर इत्यादि उपलब्ध कराने की कार्यवाही की जा रही है, क्षे़त्र में भ्रमण हेतु स्वंय के वाहन में पी.ओ.एल की व्यवस्था सामुहिक कलैक्शन द्वारा या जिला सेन्टर से समन्वय कर की जावे।

सभी सहजी भाई–बहनों से निवेदन है कि हम सब मिलकर राजस्थान के गांवों में इस पावन कार्य में अपनी सहभागिता अपनी–अपनी यथा शक्ति से टीम बनाकर सक्रिय भागीदारी देकर परम चैतन्य के यन्त्र बनने का सोभाग्य प्राप्त कर मॉ के कार्य को जन–जन तक फैलाने का कार्य करे। जय श्री माताजी।